



## संक्षिप्त समाचार

### लग्जरी कार में 12 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

(संवाददाता) देहरादून। शराब तस्करी में लिप्त एक तस्कर को पुलिस ने मंगलवार सुबह भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब व तस्करी में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पूर्व में भी इस अवैध धंधे के चलते जेल जा चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह कोतवाली ऋषिकेश पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र मे एक शराब तस्कर भारी मात्रा में शराब डिलीवरी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के सभी चेकपोस्टों पर चौकिंग अभियान चला दिया।

### छात्र के आत्महत्या करने के बाद ग्रामीणों का स्कूल में हंगामा

(संवाददाता) देहरादून। श्यामपुर गांव के एक छात्र द्वारा आत्महत्या करने के मामले को लेकर आज मंगलवार को ग्रामीणों ने स्कूल में हंगामा और प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिक्षक द्वारा प्रताड़ित करने के चलते छात्र ने आत्महत्या की है। उन्होंने कार्रवाई की मांग को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी। बता दें कि सोमवार को 12वीं के एक छात्र ने फांसी के फंदे पर झूलकर खुदकुशी कर ली थीं।

### मानवाधिकार दिवस पर 'मानव अधिकार शपथ'' दिलायी

(संवाददाता) देहरादून। उत्तराखण्ड मानवाधिकार आयोग, सहस्त्रधारा रोड़,दून में 'अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस'' का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सदस्य, उत्तराखण्ड मानव अधिकार आयोग न्यायमूर्ति अखिलेश चन्द्र शर्मा द्वारा मानव अधिकार संरक्षण के लिये सभी लोगों को जागरूक करने एवं इसके प्रचार–प्रसार का आवाहन किया गया तथा पुलिस कार्मिकों को मानव अधिकारों के संरक्षण के प्रति सजग रहने की अपेक्षा की गयी।

### कार्यालय को इको फ्रेण्डली और पारदर्शी बनाने के दिए निर्देश

(संवाददाता) देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर ने राजकीय कार्य में मित्रव्ययता पर्यावरण संरक्षण प्रक्रिया अपनाने तथा शासकीय कार्यों में अधिक पारदर्शिता लाने हेतु समस्त कार्यालय अध्यक्षों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों सहित समस्त कार्मिकों को पेज के दोनो पृष्ठो का उपयोग करने के साथ ही शासकीय दस्तावेजों में सफेदा का प्रयोग न करने के निर्देश दिये हैं।

### सेलाकुई रिपोर्टिंग पुलिस चौकी थाने में उच्चीकृत हुई

देहरादून। उत्तराखण्ड शासन द्वारा देहरादून जिले की रिपोर्टिंग पुलिस चौकी सेलाकुई को उच्चीकृत कर थाना बनाये जाने हेतु अधिसूचित किया गया है।

# लोगों को रेडक्रास सोसायटी के प्रयासों से लाभान्वित करें

**बैठक**

■ जिलाधिकारी ने दिए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश

देहरादून। **संवाददाता**

डाण्डा लखौण्ड स्थित रेडक्रास कार्यालय में भारतीय रेडक्रास समिति की जनपदीय शाखा की जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और रेडक्रास सोसायटी के सदस्यों को महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा रेडक्रास समिति के पूर्व में तय किये गये लक्ष्य और उनकी प्रगति का विवरण प्राप्त करने के पश्चात समिति को निर्देश दिये कि वे आगामी समय में अधिक से अधिक लोगों को रेडक्रास सोसायटी के प्रयासों से लाभान्वित करें और इसके लिए सेमीनार–कैम्प इत्यादि का आयोजन करते हुए व्यापक प्रचार–प्रसार करें। साथ ही दुरस्त ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक चिकित्सा सहायता का प्रशिक्षण दिलवायें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को सभी राजकीय चिकित्सकों को हर–हाल में जेनेरिक दवाओं को लिखने और चिकित्सालय में मौजूद भारतीय जन औषधि केन्द्रों से ही दवा दिलवाने के निर्देश दिये।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिये कि रेडक्रास सोसाईटी से प्राप्त वित्तीय धनराशि को इससे जुड़े कार्यों के इम्प्लिमेन्टेशन में तेजी से खर्च करें। बैठक की शुरूआत में रेडक्रास से डॉ एम.एस अंसारी द्वारा पूर्व में जिलाधिकारी के सम्मुख जनपद शाखा द्वारा किये गये सम्पूर्ण कार्यों और की गयी प्रगति का विवरण सामने रखा।



रेडक्रास समिति की बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी।

### 31 तक खाली हो मसूरी के शिफन कोट के सभी आवासः सीएस

**संवाददाता** देहरादून। मसूरी के शिफन कोट में निवास कर रहे कई परिवारों को अन्यत्र स्थानान्तरित किये जाने वाले प्रकरण में मंगलवार को मसूरी विधायक गणेश जोशी ने मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह से विधानसभा स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की।

विधायक गणेश जोशी के विशेष प्रयासों के बाद शिफन कोट से परिवारों को स्थानानतरित करने के लिए अब 21 दिनों का समय बढ़ाया गया है। विधायक जोशी ने बताया कि रोपवे परियोजना के निर्माण की चपेट में आ रहे शिफन कोट के परिवारों को अन्यत्र स्थानान्तरित करने के पीछे का मुख्य कारण रोपवे परियोजना के निर्माण के बाद मसूरी में पर्यटन को अत्यधिक बढ़ावा मिलेगा।

# 48 हजार युवाओं को कौशल विकास के लिए प्रशिक्षित करने का लक्ष्य

**अनुरोध**

उत्तराखण्ड के लिए 38 करोड़ 99 लाख की राशि स्वीकृत करने का अनुरोध किया

74 करोड़ रूपए की राशि उपलब्ध कराई जानी प्रस्तावित

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने नई दिल्ली में केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री डा. महेन्द्र नाथ पाण्डेय से भेंट कर 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 2.0' में उत्तराखण्ड के लिए 38 करोड़ 99 लाख रूपए की राशि स्वीकृत करने का अनुरोध किया है।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि भारत सरकार द्वारा राज्य में 48 हजार युवाओं को कौशल विकास के लिए प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके सापेक्ष 74 करोड़ रूपए की राशि उपलब्ध कराई जानी प्रस्तावित थी। इसमें से 35 करोड़ 01 लाख रूपए की राशि भारत सरकार द्वारा अवमुक्त की जा चुकी है। अवशेष धनराशि 38 करोड़ 99 लाख रूपए की मांग भारत सरकार को प्रेषित की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि केंद्र पोषित 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 2.0'' के माध्यम से राज्य के बेरोजगार युवाओं को 62 जॉब रोल में 300 से 900 घण्टों के रोजगारपरक अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। योजना के तहत 23,615 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिसमें से 18395 युवाओं को सर्टिफाई किया जा चुका है।

उक्त के अतिरिक्त उत्तराखण्ड कौशल विकास मिशन द्वारा वर्तमान में 35 हजार युवाओं को विभिन्न सेक्टर व जॉब रोल्स में प्रशिक्षित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किए जा चुके हैं। योजना की समाप्ति तिथि 31 मार्च 2020 तक निर्धारित लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से योजना के अंतर्गत उत्तराखण्ड के लिए प्रस्तावित धनराशि 74 करोड़ रूपए में से अवशेष 38 करोड़ 99 लाख रूपए की धनराशि स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड के अपर मुख्य सचिव ओमप्रकाश, सचिव आर.के.सुधांशु, सचिव राधिका झा भी उपस्थित थे।



केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री डा. महेन्द्र नाथ पाण्डेय से भेंट करते सीएम।

### 13 से राज्य में बारिश, बर्फबारी की चेतावनी पर प्रशासन ने दिए दिशा–निर्देश

(संवाददाता) देहरादून। मौसम विभाग नई दिल्ली द्वारा 13 दिसम्बर से राज्य में मौसम पूर्वानुमान के अनुसार उच्च पर्वतीय जनपदों अल्मोड़ा, बागेश्वर, चम्पावत, दून, उत्तरकाशी, चमोली, रूद्रप्रयाग, पौड़ी गढवाल, टिहरी गढवाल, नैनीताल तथा पिथोरागढ में कहीं–कहीं स्थानों पर पर बर्फबारी, वर्षा तथा अन्य जनपदों में शीतलहर की सम्भावना जताई गयी है। मौसम विभाग द्वारा जारी की गयी चेतावनी को मद्देनजर रखते हुए अपर जिलाधिकारी (वि/रा) प्रभारी अधिकारी जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण बीर सिंह बुदियाल ने समस्त विभागाध्यक्षों एवं सम्बन्धित अधिकारियों से खाद्य गोदामों में राशन की व्यवस्था, शीतलहर के प्रकोप से बचाव हेतु सार्वजनिक स्थानों यथा धर्मशालाओं, रेनबसेरों, मुसाफिर खाना, पड़ाव सराय, चौराहा, रेल एवं बस स्टेशनों आदि पर आवश्यकतानुसार अलाव जलाने की व्यवस्था करने और शीतलहर के दौरान निराश्रित एवं असहाय, गृहविहिन व्यक्तियों को ठण्ड के प्रकोप से बचाने हेतु निःशुल्क कम्बल वितरित करने की अपेक्षा की है। राज्य आपदा प्रतिवादन बल के साथ ही सभी को अपने स्तर पर अन्य व्यस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने की अपेक्षा की है।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।